# बिहार विधान परिषद

(200वां बजट सत्र)

## 03 मार्च, 2022

----

**[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

**कुल प्रश्न 15**

----

### बर्ड हाउस का निर्माण

*32 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना के सचिवालय परिसर स्थित राजधानी जलाशय में तीन हजार की दूरी तय कर ग्रीनिश वार्वलर पक्षी अक्टूबर माह से डेरा जमाये हुए हैं;

(ख) क्या यह सही है कि मध्य एशिया, तजाकिस्तान, तुर्किस्तान, मंगोलिया, अफगानिस्तान को पार कर पटना के राजधानी जलाशय में आने वाले इन हजारों पक्षियों को दाना-पानी देने के साथ-साथ उनके प्रवास के लिए बर्ड हाउस की कोई व्यवस्था नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस जलाशय के समीप पक्षियों के लिए बहुमंजिला बर्ड हाउस का निर्माण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

### प्रदूषण से मुक्त कबतक

*33 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सूबे के प्रदूषित शहरों को प्रदूषण से मुक्त रखने की कोई ठोस कार्य-योजना है, साथ ही उस हेतु विभाग लोगों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से जागरूक करना चाहती है, यदि हां तो कैसे और कबतक ?

----

## कार्रवाई कबतक

*34 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि 31.01.2022 को नगर परिषद्, जहानाबाद द्वारा कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, इस कार्यक्रम में वार्ड- 29 के सदस्य रश्मि देवी के पति- राजीव यादव द्वारा नगर परिषद् उपाध्यक्ष कृष्णा गुप्ता के साथ मारपीट की गई और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई;

(ख) क्या यह सही है कि जहानाबाद के टाउन थाना में अपराह्न 02:30 बजे कृष्णा गुप्ता द्वारा राजीव यादव पर केस दर्ज की गई;

(ग) क्या यह सही है कि नगर परिषद् के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा अगले दिन कृष्णा गुप्ता पर सरकारी कामकाज में बाधा उत्पन्न करने के लिए केस दर्ज कराया जाता है;

(घ) क्या यह सही है कि श्रीमती रश्मि देवी के पति- राजीव यादव पर अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हो पायी है जिससे कृष्णा गुप्ता का पूरा परिवार डरा-सहमा हुआ है और उन्हें कभी भी किसी अप्रिय घटना के होने का डर व्याप्त हो गया है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राजीव यादव पर क्या कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## दोषी पर कार्रवाई कबतक

*35 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, राज्य अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत पीडि़तों को मुआवजा देने की रफ्तार बेहद धीमी है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त योजना के तहत एस.सी./एस.टी. पीडि़तों को मुआवजा के लिए वर्षों कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीडि़तों को समय पर मुआवजा नहीं मिलने के लिए दोषियों पर कार्रवाई का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पईन की उडाही कबतक

*36 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **लघु जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर प्रखंड अंचल के मौजा कंडी अंतर्गत थाना नं.- 190, चादर नं.- 01 के पुराना प्लॉट नं.- 608, 609, 650, 1275, 43, 56, नया प्लॉट नं.- 1081, 1082, 194, 195, 304, 173, 888, 887 सरकारी पईन है जिसकी उड़ाही नहीं होने से उसका अस्तित्व समाप्त हो चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पईन, जो करीब पांच किलोमीटर से अधिक लम्बी है, की वर्षों से उड़ाही नहीं की गयी है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पईन से हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई होती थी, किंतु उड़ाही नहीं होने के कारण प्रतिवर्ष फसल सूखे की भेंट चढ़ जाती है, जिससे किसानों को आर्थिक घाटा हो रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड 'क' में वर्णित पईन की उड़ाही कब तक कराना चाहती है ?

----

## किसानों को के.सी.सी. लोन कबतक

*37 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **वित्त विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में बैंकों ने लोगों को कर्ज देने में उदारता बरती है और सीडी रेशियों सर्वाधिक स्तर 47.71 प्रतिशत पर पहुंच गया, परन्तु राज्य के

किसानों को इसका ज्यादा लाभ नहीं मिल पा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि इस वित्तीय वर्ष में सभी बैंकों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) वितरित करने का लक्ष्य आठ लाख पचहत्तर हजार चौड़ासी दिया गया था, जिसमें पुराने रिन्यूवल की संख्या भी शामिल थी;

(ग) क्या यह सही है कि बैंकों ने सिर्फ 87 हजार 835 नये केसीसी का वितरण किया है जो कि लक्ष्य से काफी कम है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों को अधिक से अधिक केसीसी लोन दिलवाने का विचार रखती है ?

----

## निबंधित कामगारों की संख्या

*38 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **श्रम संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि असंगठित श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कराया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन का लाभ असंगठित श्रमिक पुरुष एवं महिला तथा विभिन्न सामाजिक समूह यथा-अनुसूचित जाति / जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, सामान्य जाति सहित अन्य को दिया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बतलाएगी कि अबतक कितने निबंधित कामगारों का संख्या बल है, अद्यतन स्थिति से स्पष्ट कराने का विचार करती है, यदि हां तो कबतक?

----

## भवन निर्माण कबतक

*39 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था एवं कानून नियंत्रण हेतु पुलिस थाने स्थापति किए गए हैं;

(ख) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला के शाम्हो प्रखंड में थाना बने कई साल हो गए हैं किंतु थाने का कोई अपना भवन नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेगूसराय जिलान्तर्गत शाम्हो प्रखंड के पुलिस स्टेशन के लिए भवन निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## ठोस कार्रवाई कबतक

*40 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राजधानी पटना के पत्रकार नगर स्थित रोड नं.- 14 के दक्षिणी छोर पर हॉर्ट हॉस्पिटल एवं डॉक्टर कॉलोनी के सटे गोदाम बनाकर वर्षों से कोयले का व्यवसाय किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि सघन आबादी वाले डॉक्टर कॉलोनी में बड़े-बड़े ट्रकों के आने-जाने से कोयला गिराकर व्यवसाय करने से वातावरण प्रदूषित हो रहा है, बड़े-बड़े ट्रकों के आने-जाने से आवागमन भी बाधित होता है और सड़क से सटा नाला भी क्षतिग्रस्त हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कॉलोनी का वातावरण प्रदूषित होने से रोकने के लिए ठोस कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सिंचाई का लाभ कबतक

*41 **श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत सन्हौला प्रखंड में सन्हौला से तारल गांव तक लगभग 10 किलोमीटर लंबी नहर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नहर में पिछले कई वर्षों से सिंचाई के लिए पानी नहीं आया है;

(ग) क्या यह सही है कि इस नहर से पांच पंचायत के किसान सिंचाई के लिए निर्भर हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर की खुदाई कराकर एवं पानी उपलब्ध कराकर किसानों को सिंचाई का लाभ दिलाने का इरादा रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## अनैतिक कार्य

*42 **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में हो रही अनैतिक कार्यों की किसी के द्वारा लिखित सूचना देने और सक्षम पुलिस पदाधिकारी की अनुमति पर ही पुलिस को जांच करने का अधिकार है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में हो रही और होने वाली अनैतिक कार्यों की रोकथाम के लिए पुलिस महकमे यथा अस्त्र-शस्त्र से लैस चौकदारी से लेकर पुलिस महानिदेशक, खुफिया पदाधिकारी, गुप्तचर, सी.सी.टी.वी., स्पेशल टास्क फोर्स रहने के बावजूद राज्य में फर्जी स्टाम्प की बिक्री सहित अनेकों-अनेक अनैतिक कार्य हो रहे हैं;

(ग) क्या यह सही है कि पटना जिला के पटना शहर के छज्जूबाग स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के साथ-साथ पटना होईकोर्ट सहित 38 जिलों के सभी कोर्ट परिसर में स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. के काउंटर पर न्यायिक स्टाम्प, नन जूडिशियल स्टाम्प, वेलफेयर स्टाम्प की बिक्री होती है;

(घ) क्या यह सही है कि पटना के अधिवक्ता के क्लर्क जी.एन.सिंह, प्रदीप प्रसाद, आशीष कुमार के खिलाफ जाली स्टाम्प के जरिए सात केस फाइल करने का मामला सामने आया है जिसे जांच करने पर ही पता चलेगा कि फर्जी स्टाम्प राज्य और जिलों में किन-किन जगहों पर छपता है और कौन लोग बेचता है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताना चाहती है कि आम जनता की गाढ़ी कमाई पर पालित पुलिस महकमे के तैनात रहते हुए भी राज्य में जाली स्टाम्प की बिक्री सहित अनेकों अनैतिक कार्य किस परिस्थिति में हो रही है और इसकी रोकथाम के लिए सरकार की कौन-सी योजना है ?

----

## गाइड बांध का निर्माण कबतक

*43 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण अंतर्गत प्रखंड बगहा-1 के त्रिवेनी नहर पिपरिया डुमरिया लगुनाहा चौतरहा सियराहा जल जमाव के कारण हजारों एकड़ जमीन की फसलें बर्बाद हो जाती हैं तथा साइफन की सफाई और जल निकासी नहीं हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत मधुबनी प्रखंड के सिसयी पंचायत के बिरता टोला के कटाव पीडि़तों को अबतक स्थापित नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत प्रखंड ठकराहा के कोइरपट्टी से मोतीपुर तक जमींदार बांध का जीर्णोद्धार भी नहीं हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत बगहा-1 के रायबरी महुआवा से ग्राम तमकुही तक मसान नदी में गाइड बांध का निर्माण करवाएगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बंदोबस्ती का विचार कबतक

***44 श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, जल संसाधन विभाग, राज्य सरकार ने पत्रांक 53 दिनांक:- 22.10.2021 के द्वारा 10 वर्षों के लिए मत्स्य पालन के उद्देश्य से ओढनी जलाशय की बंदोबस्ती हेतु निविदा आमंत्रित की है;

(ख) क्या यह सही है कि कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, जल संसाधन विभाग, राज्य सरकार ने पत्रांक 53 दिनांक:- 22.10.2021 में 10 वर्षों के लिए मत्स्य पालन के उद्देश्य से बंदोबस्ती हेतु के आमंत्रण पत्र में मत्स्यजीवी सहकारी को प्राथमिकता देने का निर्णय किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि बंदोबस्ती हेतु बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लि. द्वारा दिनांक:- 09.02.2022 को बंदोबस्ती हेतु 2,020,000/- बीस लाख बीस हजार रुपए जमा किए गए एवं निविदा के आलोक में 4,04,000/- चार लाख चार हजार रुपए coffed के पत्रांक 19036/22 द्वारा दिनांक:- 08.02.2022 को जमा किया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि राज्य सरकार ने (बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1935 की धारा 13(A), जो निम्न है " Promotion of Co-operative movement by Government. It shall be the duty of the state government to encourage and promote the co-operative movement in the state and to take such steps in this direction as may be necessary") सहकारी सोसाइटी को बढ़ावा देने का निर्णय लिया

गया है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाना चाहती है कि बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लि. को ओढनी जलाशय की बंदोवस्ती में प्राथमिकता देते हुए बंदोवस्ती करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## छात्रावास का निर्माण

*45 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा 2007 में निर्णय लिया गया था कि अति पिछड़ों की पढ़ाई के लिए राज्य के प्रत्येक जिले में जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास का निर्माण किया जाएगा;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार द्वारा अबतक कितने जिलों में जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास का निर्माण किया गया है तथा कितने छात्रावास औपाचारिक रूप से संचालित हैं, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## कटाव रोकने की व्यवस्था

*46 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के पिपराही प्रखंड के बेलवा नरकटिया स्थित बागमती नदी से प्रभावित लगभग 50 किसान भूमिहीन होने के कगार पर हैं;

(ख) क्या यह सही है कि नदी कटाव करने से किसानों की उपजाऊ भूमि के नदी के आगोश में चले जाने के कारण लगभग पचास वर्षों से किसानों का मालिकाना हक समाप्त कर दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि नदी कटाव समाप्त होने के बाद जमीन भरने के बाद उक्त जमीन को सरकारी जमीन घोषित कर दिया गया है जिसके कारण किसानों की स्थिति दयनीय है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त जमीन की नापी के समय विवाद उत्पन्न हो जाते हैं;

(ड.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त समस्या का निदान कर किसानों को उनकी भूमि वापस दिलाना एवं बागमती नदी का कटाव रोकने की व्यवस्था करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----